आके बचाले भोले आके बचाले

तुम हो दयालु ओ बाबा मेरे,
मेरी नईया तेरे हवाले,
ओ आके बचाले भोले, आके बचाले भोले......

हमने देखा है जो तेरा ध्यान लगाते है,
दर्शन वो ही पाते है, जग में नाम कमाते है,
देवो में तुम हो देव निराले,
भक्तो के संकट हरने वाले,
ओ आके बचाले भोले, आके बचाले भोले......

तेरे दर पे बाबा जो भी आ जाते है,
झोली भरके जाते है, जो मांगे वो ले जाते है,
देवो में तुम हो देव निराले,
भक्तो के संकट हरने वाले,
ओ आके बचाले भोले, आके बचाले भोले......

आस लेकर बाबा तेरे दर पे आये है,
सुनाने अर्ज़ी आये है, सब कुछ कहने आये है,
अर्ज़ी यही है, ओ डमरू वाले,
"कंचन" को अपनी दासी बनाले,
ओ आके बचाले भोले, आके बचाले भोले......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32596/title/aake-bachale-bhole-aake-bachale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |